## सार समाचार

### विधानसभा निर्वाचन : सामान्य प्रेक्षकों ने जारी किया प्रमाण पत्र

**गुना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन से संबंधित मतदान के बाद आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी के निर्देशन में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। देर रात तक मतदान दलों द्वारा अपनी सामग्री ईव्हीएम सहित शासकीय पीजी महाविद्यालय गुना में जमा की गयी। सभी विधानसभाओं की ईव्हीएम रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा सामान्य प्रेक्षकों एवं उपस्थित राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी/ प्रतिनिधियों की निगरानी में ईव्हीएम स्ट्रांग रूम जमा की गयी। इसके पश्चात सामान्य प्रेक्षक ए. राधाबिनोद शर्मा विधानसभा क्षेत्र 28-बमोरी, 30-चांचौड़ा एवं 31-राघौगढ एवं विधानसभा क्षेत्र 29-गुना सामान्य प्रेक्षक नूह पी बावा द्वारा अभ्यर्थियों/ प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फार्म 17-ए की संवीक्षा की गयी और प्रमाणीकरण जारी किया गया।

### देव उठनी एकादशी से गूंजेंगी शहनाई, इस वर्ष सिर्फ 19 मुहूर्त

**गुना, देशबन्धु।** चार माह से बंद मांगलिक कार्य देवउठनी एकादशी के साथ शुरू हो जाएंगे। देव उठनी एकादशी इस बार 23 नवंबर को है। इस साल दिसंबर के आखिर तक शादियों के 19 मुहूर्त रहेंगे। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी 23 नवंबर को मनाई जाएगी। 29 जून को देव शयन हुए थे, इसके बाद ही मांगलिक कार्यों पर रोक लग गई थी। अब कार्तिक शुक्ल दशमी तक देवशयन दोष है। इसके बाद 147 दिन बाद कार्तिक शुक्ल एकादशी पर 23 नवंबर को देव प्रबोधिनी एकादशी पर विवाह आदि मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। इस साल दिसंबर के आखिरी महीने तक विवाह के 19 मुहूर्त हैं। सनातन मान्यता है कि, देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार मास के शयन के पश्चात योग निद्रा से जगाते हैं और मांगलिक कार्यों का आरंभ होता है। सभी देवों ने भगवान विष्णु को चार मास की योग निद्रा से जगाने के लिए घंटा, शंख और मृदंग आदि की मांगलिक ध्वनि के साथ श्लोकों का उच्चारण किया था। तभी से हर साल कार्तिक शुल्क एकादशी को देवउठनी ग्यारस के रूप में मनाया जाता है।

**शहर के सैकड़ा मैरिज गार्डनों तैयारी शुरू :** शहर के अलग-अलग हिस्सों में करीब आधा सैकड़ा मैरिज गार्डन व मंगल भवन है। इसमें से सभी गार्डन में दिसंबर महीने के आखिरी तक महज 110 से 120 के आसपास बुकिंग हुई हैं। इस विस चुनाव की वजह से नवंबर और दिसंबर में कम शादियां हैं। ज्यादातर जनवरी और फरवरी महीने में शादियों की तारीख तय की है। सबसे ज्यादा बुकिंग 4 और 9 दिसंबर की है। ज्योतिषियों ने बताया कि विवाह के लिए शुक्र, गुरु और राशि के अनुसार नक्षत्र का शुभ होना जरूरी होता है। विजय पंचांग के अनुसार इस साल देवउठनी एकादशी के बाद नवंबर 24, 27, 28 और 29 तारीख विवाह के लिए शुभ रहेगी। वहीं दिसंबर में 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 13, 14 और 15 तारीख विवाह व मांगलिक कार्य के लिए शुभ हैं।

### मतदाता जागरूकता अभियान से बढ़ा मतदान का प्रतिशत

# जिले में 81.65 पुरूष 77.21 महिलाओं सहित कुल 79.51 प्रतिशत हुआ मतदान

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी के निर्देशन में शान्तिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। 17 नवम्बर को प्रातः 07 बजे से सायं 6 बजे तक जिले में 1092 मतदान केंद्रों पर मतदान किया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 9 लाख 33 हजार 101 मतदाताओं में से 7,41,914 द्वारा मतदान किया गया, जो 79.51 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार 4,83,678 पुरूष मतदाताओं में से 394907 द्वारा मतदान किया जो 81.65 प्रतिशत रहा तथा 4,49,406 महिला मतदाता में से 346995 द्वारा मतदान किया, जो 77.21 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार 17 थर्ड जेंडर मतदाताओं में से 12 ने मतदान किया, जो 70.59 प्रतिशत रहा। विगत विधानसभा निर्वाचन 2018 में जिले में 76.52 प्रतिशत मतदान हुआ था, वर्ष 2023 में विभिन्न स्वीप गतिविधि के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये गये तथा एवं लोगों में मतदान के प्रति उत्साह रहा, जिसके परिणामस्वरूप औसतन तीन प्रतिशत मतदान बढक़र 79.51 रहा। विधानसभा क्षेत्र 28-बमोरी के 277 मतदान केन्द्र हैं जिनमें कुल मतदाता 2 लाख 25 हजार 58 हैं, जिनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1,15,890 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 1,09,168 हैं, जिनमें से 96,368 पुरूष तथा 85,537 महिला सहित कुल 1,81,905 मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया जिसका प्रतिशत 80.83 है। विधानसभा क्षेत्र 29-गुना में 264 मतदान केन्द्र है जिनमें मतदाता 2 लाख 35 हजार 110 हैं, जिनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1,21,096 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 1,14,005 तथा थर्ड जेण्डर 09 थे, जिनमें से 90202 पुरूष तथा 79433 महिला एवं थर्ड जेंडर 5 सहित कुल 169640 मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया जिसका प्रतिशत 72.15 है। विधानसभा क्षेत्र 30-चांचौड़ा में 282 मतदान केन्द्र है जिनमें कुल मतदाता 2 लाख 36 हजार 688, जिनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1,23,634 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 1,13,050 तथा थर्ड जेण्डर 04 शामिल हैं, जिनमें से 104391 पुरूष तथा 90260 महिला थर्ड जेंडर 4 सहित कुल 194655 मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया, जिसका प्रतिशत 82.24 है। विधानसभा क्षेत्र 31-राघौगढ़ में 296 मतदान केन्द्र है जिनमें कुल मतदाता 2 लाख 36 हजार 245 हैं, जिनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1,23,058 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 1,13,183 तथा थर्ड जेण्डर 04 शामिल थे, जिनमें से 103946 पुरूष तथा 91765 महिला एवं थर्ड जेंडर 3 सहित कुल 195714 मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया, जिसका प्रतिशत 82.84 है।

### कार को पिकअप वाहन ने मारी टक्कर

## दुर्घटना में एक ही परिवार के 4 लोग घायल

**गुना, देशबन्धु।** धरनावदा थानांतर्गत ग्राम बेलका के निकट कार को पीछे से पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी शुभम शर्मा निवासी ग्राम बेलका ने बताया कि गत दिवस वह रुठियाई से अपनी कार एमपी 08 सीबी 0740 से गांव बेलका जा रहे थे। कार में मेरी मां सीमा शर्मा, पत्नी गोरी शर्मा व लडका कनिष्क शर्मा बैठे थे, वहीं कार वह स्वयं चला रहे थे। जैसे ही उनकी कार एनएफएल वाले रोड पर बेलका तिराहे पर पहुंची तो डोंगर तरफ से एक पिकअप गाडी एमपी 08 जीबी 4463 के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाकर उनकी कार में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे मेरी मां सीमा शर्मा, पत्नी गोरी शर्मा एवं लडका कनिष्क शर्मा घायल हो गए। जिनके शरीर में जगह जगह चोटें आयी। वहीं उन्हें भी मूंदी चोटें आयी हैं। घायलों को निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी पिकअप वाहन चालक पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### बूढ़े बालाजी स्वास्थ्य केंद्र पर लगा आयुष्मान मेला

**गुना, देशबन्धु।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बूढ़े बालाजी पर आयुष्मान मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला डॉ. आरआर माथुर शहरी नोडल अधिकारी, डॉ. रामवीर सिंह रघुवंशी के मार्ग दर्शन में आयोजित किया गया।

## कांग्रेस प्रत्याशी ऋषि ने जताया मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का आभार



**गुना, देशबन्धु।** बमोरी विधानसभा क्षेत्र में लोकतंत्र के महापर्व मतदान के बाद कांग्रेस के युवा प्रत्याशी ऋषि अग्रवाल ने बमोरी की शानदार जनता जनार्दन और कार्यकर्ताओं का दिल से आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उन्होंने अपने एबी रोड स्थित कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से आत्मीय मुलाकात कर बार-बार नमस्कार करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भावुक आभार जताया।

चुनावी भागदौड़ के बाद उन्होंने कार्यालय पर एक-एक कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर पोलिगों बूथों की जानकारी ली। इस मौके पर श्री अग्रवाल ने जनता के मतदान को क्षेत्र में फैले भ्रष्टाचार और भय, आतंक के खिलाफ जनाक्रोष बताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सबसे पहले मैं बमोरी की जनता को पार्टी के कार्यकर्ताओं को और उन सब नेताओं को जिन्होंने क्षेत्र में तमाम विषम परिस्थितियों में काम किया, उन्हें बधाई और धन्यवाद देता हूं। बमोरी के चुनाव में एक तरफ सत्ता की ताकत का दुरूपयोग, भय और आतंक का माहौल तो दूसरी तरफ जनता की शक्ति थी। आगामी 3 दिसंबर को जब परिणाम आएंगे तो जनता की शक्ति जीतेगी। उन्होंने कहा कि बमोरी में कांग्रेस पार्टी गरीबों के साथ खड़ी हुई। वहीं प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर हमारे द्वारा किए गए वादों पर तत्काल अमल किया जाएगा।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ एवं वरिष्ठ कांग्रेसी केएल अग्रवाल ने 'जनता जनार्दन' का आभार व्यक्त करते हुए इस चुनावों में कांग्रेस के प्रति भारी मतदान को कार्यकर्ताओं की मेहनत बताया। उन्होंने कहा कि जनता ने यहां भय, आतंक, भ्रष्टाचार के खिलाफ वोट कर कांग्रेस के वचन पत्र के पक्ष में वोट किया।

उन्होंने कहा कि सभी ने इस चुनाव में काफी मेहनत की और आने वाली 3 तारीख को इस मेहनत का परिणाम भी हमें अवश्य मिलेगा।

### शांतिपूर्ण मतदान पर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने माना आभार

**गुना, देशबन्धु।** जिले की सभी विधानसभाओं में स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुगम और पारदर्शी तरीके व शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरुण राठी और पुलिस अधीक्षक विजय कुमार खत्री ने जिले में निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों/कर्मचारियों सहित आम नागरिकों, मतदाताओं, सुरक्षा बलों, मेडिकल टीम, मीडियाकर्मियों आदि के प्रति आभार व्यक्त कर सभी का धन्यवाद किया है। कलेक्टर श्री राठी ने विधानसभा निर्वाचन कार्य से संबद्ध प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों, जिला अधिकारियों और जिपं सीईओ प्रथम कौशिक के नेतृत्व में स्वीप टीम कर्मचारियों के सराहनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी शासकीयकर्मियों की लगन, निष्ठा और कड़ी मेहनत की वजह से विगत चुनाव की तुलना में मतदान का प्रतिशत अधिक रहा।

## लायंस क्लब ने किया दीपोत्सव का हुआ आयोजन



**गुना, देशबन्धु।** लायंस क्लब गुना सिटी द्वारा सरगम दीपोत्सव मनाया गया। इस उत्सव में रंगोली प्रतियोगिता एवं शानदार सुरों की अंताक्षरी आयोजित की गई। जिसमें चार टीमें पटाखा, फुलझड़ी, रॉकेट एवं धमाका टीम बनाई गई। क्लब के अध्यक्ष राजेश सिंघल ने बताया कि क्लब की सभी सदस्यों को चारों टीम में बांटकर एक फेलोशिप का उदाहरण दिया। जिससे सभी में आपस में भाईचारा बना रहे और सभी एक दूसरे के साथ मिलकर शुरू से सुर मिलाकर गीत गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरके जैन, विशिष्ट अतिथि डॉ विष्णु गोयल रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन करके की गई। इसके पश्चात अध्यक्ष राजेश सिंघल द्वारा स्वागत भाषण देते हुए बताया कि हमारा क्लब सेवा गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी आगे बढ़-चढक़र हिस्सा लेता है।

कार्यक्रम का संचालन क्लब की बहू सृष्टि-आयुष राठी द्वारा किया गया। उसके पश्चात कार्यक्रम की संयोजिकाएं क्लब की बहुए डॉ. पूर्वा गोयल, रुचि तायल, नंदिनी रघुवंशी, सृष्टि राठी, कृतिका अग्रवाल एवं श्रेया निखिल भार्गव द्वारा रंगारंग डांस की प्रस्तुति दी गई। साथ ही वैशाली सक्सेना द्वारा डांस की प्रस्तुति दी गई। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम भावना महेश्वरी, क्षमा खंडेलवाल और ज्योति चौधरी, द्वितीय सरिता सक्सेना, ममता अग्रवाल, अरुणा सोनी एवं तृतीय स्थान पर वीना अग्रवाल, सीमा पलिया और शिल्पा जैन रहीं। जबकि अंताक्षरी में विजेता टीम फुलझड़ी रही।

कार्यक्रम के जज सुनील शर्मा एवं संतोष शर्मा रहे। कार्यक्रम में सभी पूर्व अध्यक्षों का बहुत ही भव्यता पूर्ण स्वागत किया गया। जिसमें क्लब के अतुल अग्रवाल द्वारा मंच पर बुलाकर अध्यक्ष व सचिव से माला पहनाकर के एवं उनका स्मृति चिह्न दिया गया। कार्यक्रम में अन्नकूट की भोजन प्रसादी रही। अंत में आभार मदन सोनी द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में धर्मेश विजयवर्गीय, प्रदीप मित्तल, सुनील अग्रवाल, गुलशन डाबर, विनीत सेठ, प्रभात गोंडल, आशीष सक्सेना, राजकुमार रघुवंशी, आशीष टांटिया, रामकृष्ण अग्रवाल, दिनेश नेमा, अमरजीत सलूजा, रविंद्र जैन, संजीव जैन, अंजना सिंघल, पूजा जैन, नेहा अग्रवाल, सीमा पलिया आदि उपस्थित रहे।

## हनुमान टेकरी सहित शहरभर में हुए विशाल अन्नकूट, हजारों ने ली प्रसादी



**गुना, देशबन्धु।** दीपावली पर्व पर से शुरू हुए अन्नकूट महोत्सव व छप्पन भोग का आयोजन शहर के विभिन्न मंदिरों में प्रतिदिन किया जा रहा है। गत शाम जिलेभर में आस्था का केंद्र हनुमान टेकरी मंदिर पर महाआरती के साथ भगवान को छप्पन भोग लगाकर विशाल अन्नकूट का शुभारंभ हुआ। जिसमें हजारों ने लोगों ने अन्नकूट में प्रसादी ग्रहण की। इधर शहर में बड़ी संख्या में प्रतिदिन अन्नकूट का आयोजन हो रहा है। जिसमें समाज के सभी वर्ग एक पंगत में बैठकर भोजन कर सामाजिक समरसता का उदाहरण दे रहे हैं। दीपावली की दौज से आरंभ होने वाले अन्नकूट का दौर देव उठनी च्यारस तक चलता है। प्रतिदिन शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित अन्नकूट महोत्सव के दौरान भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। शनिवार को शहर के पंचमुखी हनुमान मंदिर कैंट, शिव मंदिर शहनाई गार्डन, विंध्याचल कॉलोनी गोकुलधाम गली, ग्राम सामरसिंगा, ओवर ब्रिज महाकाली मंदिर, शनि मंदिर भुल्लनपुरा, दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर भुल्लनपुरा सहित दर्जनों स्थानों पर अन्नकूट के आयोजन हुए।

शहर के अनेकों स्थानों पर पायगा मोहल्ला, पंडाजी चौराहा, त्रिवेणी मंदिर, चौधरी मोहल्ला, छोटी मस्जिद गली, द्वारकाधीश मंदिर, श्रीराम मंदिर बाजार, कोटेश्वर मंदिर, उदासी आश्रम, जाट मोहल्ला, रेलवे स्टेशन, श्रीराम कॉलोनी, हनुमंता मंदिर, दुर्गा कॉलोनी, तहसील, शिक्षा विभाग, नानाखेड़ी मंडी सहित पिछले 10दिनों के दौरान हुए बड़े अन्नकूट महोत्सव में लाखों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

## क्षत्रिय कल्चुरी कलाल समाज ने मनाया सहस्त्रबाहु अर्जुन जन्मोत्सव

**आष्टा, देशबन्धु।** क्षत्रिय कल्चुरी कलाल समाज द्वारा श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन के जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य आरती एवं पारिवारिक कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय गोकुल धाम दशहरा मैदान में रविवार को शाम किया गया है। आयोजन की शुरुआत आरती के साथ होंगे। जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी अखिलेश राय उपस्थित रहेंगे। आयोजन में दीप प्रज्वलन व गणेश वंदना आगंतुक अतिथियों का स्वागत संस्कार प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान और मुख्य अतिथि का भाषण होगा। समाज के अध्यक्ष ज्ञानसिंह मामा, युवा संगठन के अध्यक्ष अंतर सिंह जायसवाल ने अपील की कि समाज एवं सभी लोग समय पर पधारे एवं आयोजन का सफल बनाए। क्षत्रिय कल्चुरी कलाल समाज की कार्यकारिणी में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि अखिलेश राय सीहोर, समाज अध्यक्ष ज्ञानसिंह जायसवाल सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव अध्यक्ष अंतरसिंह जायसवाल, उपाध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, कोषाध्यक्ष प्रेमनारायण जायसवाल महामंत्री विष्णु जायसवाल, महासचिव बंटी जायसवाल, संतोष जायसवाल, डॉ चंद्रपाल जायसवाल, राहुल राय, मीडिया प्रभारी विनोद जायसवाल, संदीप जायसवाल, धनसिंह जायसवाल, कमलेश जायसवाल, तेजसिंह जायसवाल, रूपेश जायसवाल, छोटू जायसवाल, जितेंद्र जायसवाल, रणजीत राय, शुभम जायसवाल, पिंटू चौधरी, मनोहर जायसवाल, राजा राय, सुनील शिवहरे, सिद्धांत, संतोष, बंटी जायसवाल, जुगल जायसवाल सहित बड़ी संख्या मे समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

## घटयात्रा के साथ शुरू हुआ कल्पद्रुम महामंडल विधान



**गुना, देशबन्धु।** शहर में चातुमार्सरत मुनिश्री आगम सागरजी, मुनिश्री पुनीत सागर के सानिध्य कल्पद्रुम महामंडल विधान का शुभारंभ शनिवार को 108 श्रीजी की प्रतिमाओं के साथ निकली भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। इस मौके पर विधानाचार्य संजीव भैया कटंगी के निर्देशन सुबह 7 बजे भव्य शोभायात्रा श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मन्दिर से आरंभ हुई। इसमें धोती-दुपट्टे में श्रद्धालु श्रीजी की 108 प्रतिमाओं को मस्तक पर लेकर निकले। वहीं माता जिनवाणी की भी भव्य पालकी निकाली गई। घटयात्रा में महिलाएं कलश लेकर चली। इस शोभायात्रा जुलूस शहर के पंडाजी चौराहा, नई सडक़, बोहरा मस्जिद चौराहा, ख्यावदा चौराहा होते हुए गौशाला स्थित विधान स्थल पहुंची। यहां जल से मंडप शुद्धि आदि की मांगलिक क्रियाएसम्पन्न हुई। इस तरह पूरे विधान परिसर में 108 जिन प्रतिमाओं को विराजमान किया गया है। शनिवार को निकली कलश यात्रा में चक्रवती और सौधर्म इंद्र जिन प्रतिमाओं को लेकर आगे चल रहे थे। वहीं पीछे इंद्र इंद्राणी श्वेत, केशरिया वस्त्रों में पीछे चल रहे थे वह भक्ति गीत गा रहे थे।

कार्यक्रम स्थल पर श्रीजी को विराजमान कर अभिषेक पूजन किया गया। इसके बाद मुनिसंघ के मुखारबिंद से मंत्रोच्चारण कर शांतिधारा संपन्न हुई। वहीं धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री ने कहा कि धनवान नहीं धर्मात्मा होना आवश्यक हैं। वहीं विधान में प्रथम दिवस की महाआरती करने का सौभाग्य सुनील कुमार, सौरभ कुमार, सुमित कुमार जैन दर्जी मोहल्ला केंट वालों को प्राप्त हुआ। शाम को उनके निजनिवास से महाआरती का भव्य जुलूस गाजे-बाजे के साथ विधान स्थल पहुंचा।

### प्रेमनारायण अहिरवार के निधन पर व्यक्त की संवेदना

**गुना, देशबन्धु।** शहर के पत्रकार साथी हेमराज जाटव के चाचा एवं रघुवीर अहिरवार के पिता प्रेमनारायण अहिरवार 60 वर्ष निवासी ग्राम मुहालपुर वालों का असामयिक दुखद निधन विगत दिवस हो गया। वह कुछ दिन से बीमार चल रहे थे। स्व प्रेमनारायण अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके एक पुत्र और पांच पुत्रियां हैं। ईश्वर की करनी ऐसी है कि स्व प्रेमनारायण अहिरवार की धर्मपत्नी एवं रघुवीर की माताजी श्रीमति विद्या वाई का निधन बच्चों की बाल्यावस्था के समय हो गया था। स्व प्रेमनारायण की अंतिम यात्रा निज निवास ग्राम मुहालपुर से मुक्ति धाम के लिए निकाली गई। उनकी अंत्येष्ठि कार्यक्रम में नाते रिश्तेदारों, परिचितों और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस मौके पर शोक संवेदना व्यक्त की गई। जिसमें सामूहिक रूप से सभी ने आत्म शांति हेतु 2 मिनट मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान देने और पीड़ित परिवार को संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। उनका उठवाना कार्यक्रम रविवार 19 नवंबर को होगा।

### मार्टिनेट स्कूल में बाल मेले का आयोजन

## 'लालकिला' के साथ ली सेल्फी, चखा लजीज व्यंजनों का स्वाद






**आष्टा, देशबन्धु।** देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस हर वर्ष 14 नवम्बर को बाल दिवस के रूप मे मनाया जाता है और इस दिन लगभग हर विद्यालय मे विद्यार्थियों द्वारा बाल मेले का आयोजन किया जाता है। लेकिन इस बार दीपावली अवकाश होने के कारण मार्टिनेट कान्वेन्ट हॉयर सैकेण्ड्री स्कूल अलीपुर मे यह आयोजन 18 नवम्बर को रखा गया और व्यंजनों के विभिन्न स्टॉल के साथ आर्ट गैलरी का निर्माण भी किया गया। जिसे मार्टिनेट लोक नाम दिया गया। इस गैलरी मे शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न कलात्मक और वैज्ञानिक आर्टिकलों का प्रदर्शन किया गया। आर्टिकलों मे चन्द्रयान-3, कुतुब मीनार, ताजमहल, लालकिला, सांची स्तूप, लोटस टेम्पल, स्नो कार्नर, आर्ट गैलरी आदि प्रमुख रहे। सेल्फी कार्नर के लिए विशेष रूप से रोल्स रायस कार का मॉडल बनाया गया। जिस पर सेल्फी लेते हुए नन्हें बच्चों की मुस्कान देखते ही बन रही थी। विद्यालय के विद्यार्थियों उनके अभिभावकों के अलावा नगर के गणमान्य नागरिकों और सैकड़ों आमजनों ने भी इस मार्टिनेट लोक के रूप मे बने हुए बालमेले का आनन्द लिया।

प्रमुख रूप से आष्टा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी कमल सिंह चौहान, विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, स्थानीय पार्षद सलीम खान के साथ हिर्फ़ुजुरहमान भैयामियॉ, बी.ई.ओ. अजब सिंह राजपूत, पार्षद रवि शर्मा, भूरू खां, तोफिक खान आदि ने विद्यालय के संचालक नोशे खान और प्राचार्य विनीत कुमार त्रिवेदी के साथ पूरे मेले का अवलोकन किया। विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि हम पिछले 2 महिनो से चुनावी उठा पटक मे व्यस्त है और भारी तनाव से गुजर रहे है आज इस मेले मे आकर मन को बड़ी राहत मिली है।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया। आष्टा विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी कमलसिंह चौहान मार्टिनेट लोक की रचना की को अदभुत बताया। बी.ई.ओ अजबसिंह राजपूत ने कहा कि मैंने बहुत सारे विद्यालयों के आयोजन देखे है, लेकिन इस मार्टिनेट लोक की बात अलग है।

इस आयोजन में प्रभारी अतुल जैन, एकेडमिक इंचार्ज शिखा तिवारी, कम्प्यूटर प्रभारी कुशल भूतिया एवं विद्यालय का पूरा स्टॉफ उपस्थित रहा। जिनके सहयोग ने आयोजन को ऊँचाईयां प्रदान की। अंत में उपप्राचार्य नेहा तिवारी द्वारा इस मेले में सहयोगी सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए सबसे व्यवस्थित स्टॉल को विद्यालय की ओर से ट्राफी प्रदान की।

# जिले में 66.66 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मतदान

**भोपाल, देशबन्धु।** इस विधानसभा चुनाव में भोपाल जिले में कुल 66.66 प्रतिशत मतदान हुआ। पिछले 2018 के चुनाव के मुकाबले लगभग एक फीसदी ज्यादा रहा। वहीं अबकी बार महिलाओं ने भी जमकर मतदान किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि इस चुनाव में मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह रहा। इसके चलते सबसे अधिक 78.72 प्रतिशत मतदान विधानसभा बैरसिया, उत्तर विधानसभा में 68.8 प्रतिशत ,नरेला में 64.14 प्रतिशत, दक्षिण पश्चिम में 53.2 प्रतिशत, मध्य में 60.01 प्रतिशत , गोविंदपुरा में 63.03 प्रतिशत जबकि हुजूर विधानसभा क्षेत्र में 70.02 प्रतिशत मतदान हुआ। इस चुनाव में पुरुष, महिला और थर्ड जेंडर के मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है। इसके तहत कुल 67.62 प्रतिशत पुरुष, 65.64 प्रतिशत महिला और 44.18 प्रतिशत थर्ड जेंडर मतदाताओं ने मतदान किया और कुल 66.66 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं पिछले 2018 विधानसभा चुनाव में कुल 65.47 प्रतिशत मतदान हुआ था। इनमें पुरुष 66.10 प्रतिशत , महिला 64.78प्रतिशत और थर्ड जेंडर ने 21.74 प्रतिशत मतदान किया था।

श्री सिंह ने बताया कि जिले में कुल 13 लाख 91 हजार 260 मतदाताओं ने मतदान किया। इनमें 7 लाख 26 हजार 347 पुरूष मतदाता, 6 लाख 64 हजार 837 महिला मतदाता तथा 76 थर्ड जेण्डर मतदाताओं ने मतदान किया। इनमें से बैरसिया विधानसभा में कुल एक लाख 95 हजार 766 मतदाताओं ने मतदान किया हैं, जिनमें एक लाख 4 हजार 673 पुरूष मतदाता, 91 हजार 093 महिला मतदाता शामिल हैं। भोपाल-उत्तर में कुल 1 लाख 69हजार 557 मतदाताओं ने मतदान किया हैं। जिनमें 88 हजार 501 पुरूष मतदाता, 81हजार 051 महिला मतदाता तथा 5 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल हैं। नरेला विधानसभा में कुल 2 लाख 28 हजार 622 मतदाताओं ने मतदान किया है। इनमें एक लाख 19 हजार 522 पुरूष मतदाता, 1 लाख 9 हजार 99 महिला मतदाता तथा 1 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल हैं। भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधानसभा में कुल 1 लाख 37 हजार 698 मतदाताओं ने मतदान किया है। इनमें 70 हजार 548 पुरूष मतदाता, 67 हजार 150 महिला मतदाता शामिल हैं। भोपाल मध्य विधानसभा में कुल 1लाख 49 हजार 820 मतदाताओं ने मतदान किया है। इनमें 77 हजार 873 पुरूष मतदाता, 71 हजार 882 महिला मतदाता तथा 65 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल हैं। गोविंदपुरा विधानसभा में कुल 2 लाख 74 हजार 854 मतदाताओं ने मतदान किया है। इनमें एक लाख 28 हजार 307 पुरूष मतदाता, एक लाख 19 हजार 545 महिला मतदाता तथा 02 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल हैं। हुजुर विधानसभा में कुल 261943 मतदाताओं ने मतदान किया है। इनमें 1 लाख 36 हजार 923 पुरूष मतदाताओं ने, 1लाख 25 हजार 017 महिला मतदाता तथा 3 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल हैं।

## 4 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़ा महिला मतदान



जानकारों का कहना है कि इस चुनाव में 'लाड़ली बहना' फैक्टर भी देखने को मिला है। इसके चलते जिले की 7 विधानसभाओं में से बैरसिया, भोपाल उत्तर, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा में महिला मतदान का आंकड़ा बढ़ा है। इनमें से बैरसिया विधानसभा में पिछले चुनाव की तुलना में 3.77 प्रतिशत ज्यादा महिलाओं ने मतदान किया। ऐसी ही तस्वीर भोपाल उत्तर में भी देखने को मिली। यहां भी महिला मतदान 3.66 प्रतिशत तक बढ़ा है। वहीं गोविंदपुरा में 1.98 प्रतिशत और हुजूर में 0.18 प्रतिशत ज्यादा महिलाओं ने वोट डाले।

## 3 विधानसभा में आई कमी

वहीं भोपाल की 3 अन्य विधानसभा नरेला, भोपाल दक्षिण-पश्चिम और भोपाल मध्य में महिलाओं की मतदान कम हुई है। भोपाल दक्षिण-पश्चिम की तस्वीर ठीक नहीं रही। यहां 3.57 प्रतिशत महिलाओं ने कम वोट डाले। वहीं नरेला में करीब एक प्रतिशत कम मतदान हुई। वहीं, मध्य में महिला मतदान आंकड़ा 0.17 प्रतिशत कम रहा।

# रात 3 बजे तक जमा हुई मतदान सामग्री

उधर जिले की सातों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान कराने के बाद मतदान दल रात 3 बजे तक मतदान सामग्री जमा कराते रहे। इसके बाद ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम में रखी जाने लगी। यह काम शनिवार सुबह तक चलता रहा।

मतदान खत्म होने के बाद रात 8 बजे से मतदान लाल परेड और एमवीएम मौदान में लौटने लगे थे। यह सिलसिला रात 3 बजे तक चलता रहा। मतदान सामग्री जमा कराने के लिए दोनों ही मैदानों पर विधानसभा वार व्यवस्था की गई थी। ताकि, मतदान दलों को किसी प्रकार की दिक्कतें न हो। सामग्री जमा कराने के बाद मतदान कर्मचारी घरों को लौट गए। वहीं मतदान सामग्री जमा होने के बाद रात साढ़े 3 बजे से ईवीएम पुरानी जेल स्थित स्ट्रॉन्ग रूम में रखी जाने लगी। तीन विधानसभा की ईवीएम सुबह 7 बजे तक स्ट्रॅान्ग रूम में रख दी गई, जबकि बाकी विधानसभा की ईवीएम सुबह 10 बजे बाद तक रखी गई। इस दौरान कलेक्टर आशीष सिंह, निगम कमिश्नर नोबल फ्रैंक ए., एडीएम प्रकाश सिंह चौहान, उप निर्वाचन अधिकारी रविशंकर राय आदि अफसर पूरे समय मौके पर मौजूद रहे।

## 15 दिन त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रहेगा स्ट्रॉन्ग रूम




ईवीएम को अरेरा हिल्स स्थित पुरानी जेल के परिसर में त्रिस्तरीय कड़े सुरक्षा घेरे वाले स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखा गया है। मतगणना वाले दिन तीन दिसंबर यानी आगामी 15 दिन तक ईवीएम स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा में रहेंगी। स्ट्रॉन्ग रूम क्षेत्र में किसी को जाने की इजाजत नहीं है। पुलिस आयुक्त हरीनारायण चारी मिश्र ने बताया कि स्ट्रॉन्ग रूम के अंदर और बाहर पैरामिलिट्री फोर्स और जिला पुलिस के 200 जवानों के साथ ही सीसीटीवी से कड़ी निगरानी रखी जा रही है। वहीं चुनाव पर्यवेक्षक और निर्वाचन अधिकारी भी लगातार सुरक्षा व्यवस्था जांचने के लिए औचक निरीक्षण कर रहे हैं। तीन दिसंबर को सभी ईवीएम को पुराने जेल में ही बने मतगणना केंद्र में खोला जाएगा।

# आज से रात के तापमान में वृद्धि के आसार

*भोपाल, देशबन्धु। हवाओं का रुख लगातार उत्तरी एवं उत्तर-पूर्वी बना हुआ है। इस वजह से प्रदेश में न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान में गिरावट बनी हुई है। इसी क्रम में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात प्रदेश के 21 शहरों में रात का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे कम 11.4 डिग्री सेल्सियस तापमान गुना एवं ग्वालियर में रहा। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, हवाओं का रुख बदलने के कारण रविवार से न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि होने की संभावना है।*

*मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अशफाक हुसैन ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और उसके आसपास द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। हवाओं का रुख अब बार-बार बदलने लगा है। बीच-बीच में उत्तरी एवं उत्तर-पूर्वी हवाएं चलने के कारण प्रदेश में रात में सिहरन बरकरार है। उत्तर भारत में भी वातावरण काफी ठंडा है। इस वजह से वहां से आ रही सर्द हवाओं के कारण तापमान में कमी बनी हुई है। वहीं बंगाल की खाड़ी में बना तूफान मिथिला बांग्लादेश के तट से टकराने के बाद कमजोर होकर कम दबाव के क्षेत्र में बदल आगे बढ़ गया है, जबकि अफगानिस्तान के आसपास बना पश्चिमी विक्षोभ भी कमजोर है। इस वजह से उसके मध्य प्रदेश के मौसम पर विशेष असर पड़ने की संभावना कम है। हालांकि शनिवार से हवाओं का रुख बदलकर दक्षिणी एवं दक्षिण-पूर्वी होने लगा है। इस कारण रविवार से दिन एवं रात के तापमान में मामूली वृद्धि होने की संभावना है। लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत से आगे बढ़ने के बाद 21 नवंबर से रात के तापमान में ओर कमी आ सकती है।*

# पूर्व पुलिस अधिकारी के फार्म हाउस पर चोरों का धावा

**भोपाल, देशबन्धु।** रातीबड़ इलाके में बदमाशों ने पूर्व पुलिस अफसर के फार्म हाउस पर धावा बोला। पुलिस अधिकारी का निधन हो चुका है। अब उनकी वृद्द पत्नी यहां पर रहती हैं। बदमाशों ने यहां रहने वाले किराएदार के कमरे में वारदात को अंजाम दिया।

रातीबड़ पुलिस के अनुसार मूलत~ सागर जिले के बीना के रहने वाले आशीष जैन दवा प्रतिनिधि हैं। वह अपने परिवार के साथ संतोष फार्म हाउस में किराए से रहते हैं। यह फार्म हाउस पूर्व पुलिस अधिकारी एमपी तिवारी का है। उनकी मृत्यु के बाद अब फार्म हाउस में उनकी वृद्ध पत्नी रहती हैं। फार्म हाउस का एक हिस्सा उन्होंने किराए पर दे रखा है। दीपावली पर आशीष अपने स्वजनों को साथ लेकर बीना चले गए थे। शुक्रवार जब वह वापस आए तो उन्होंने देखा कि कमरे के दरवाजे का कुन्दा टूटा हुआ था। ताला भी पास ही पड़ा हुआ था। उन्होंने अंदर जाकर देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा था। अज्ञात बदमाश घर से 15 हजार रुपये व चांदी के पायल लेकर चंपत हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा प्रकरण दर्ज करने के साथ ही जांच शुरू की।

इधर,चोरी की दूसरी वारदात बजरिया इलाके में हुई। पुलिस ने बताया कि बाबूलाल मेवाड़ा पुरुषोत्तम नगर फेस वन में रहते हैं। वह भारतीय जीवन निगम के एजेंट हैं। घर में उनके अलावा बहू व बेटे भी भी रहते हैं। उनके बेटे राजनीति में सक्रिय हैं। इसलिए वह शुक्रवार दिन में मतदान वाले दिन बाहर ही थे, जबकि शाम को बहू भी अपने मायके चली गई थी। बाबूलाल व उनकी पत्नी शाम साढ़े सात बजे खाना खाने के लिए पहली मंजिल पर चले गए थे। खाना खाने के बाद दोनों टीवी देखने लगे। रात करीब आठ बजे जब वे नीचे आए तो उन्हें एक कमरे में रखी हुई अलमारी का ताला टूटा मिला। अलमारी में रखी हुई सोने की दो अंगूठियां, चांदी के जेवर व बिछिया गायब थीं। नीचे के दरवाजे बंद नहीं थे। इसी बात का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश घर में घुसा तथा चोरी की वारदात को अंजाम देकर भाग निकला। पुलिस ने बताया कि चोरी गए माल की कीमत करीब 60 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस आरोपी की तलाश में लगी है।

# जीवन में आत्म प्रबंधन के आधारभूत सिद्धांत अपनाएं: गिरिश



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन (बीएमए)और आईएसटीसी एवम रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल द्वारा भारती विद्या भवन एमपी नगर में ब्रम्हाकुआरी आश्रम के विद्वान जी.वी गिरिश ने स्वयं के प्रबंधन के आधार भूत सिद्धांत बताए। श्री गिरिश ने कहा कि मस्तिष्क का नियंत्रण ही आत्म प्रबन्धन है, बिना कोई बात समझे निर्णायक ना बने संयम रखना अच्छे प्रबंधन का प्रतीक है। समस्या को समझे बिना हाल करना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा कि दैनिक गतिविधियों को सुवावस्थित बनाएंगे तो शरीर भी स्वस्थ रहेगा। उन्होंने आत्म प्रबंधन के गुर भी बताए। कार्यक्रम के प्रारंभ में बीएमएस अध्यक्ष ने स्वागत भाषण दिया और बीएमए की गतिविधियों से अवगत कराया।कार्यक्रम का संचालन मानद सचिव डॉ आदित्य गुप्ता ने किया। मुख्य वक्ता गिरिश को स्मृति चिन्ह जीके छिब्बर और अक्षत शर्मा ने प्रदान किए। आभार प्रदर्शन आईटीसी के अध्यक्ष आरजी दिवेदी ने किया। इस अवसर पर भारतीय विद्या भवन संचालक सलिल चटर्जी भी उपस्थित थे।

# नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित कुम्हारपुरा में नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पति का कहना है कि वह उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गया था।लेकिन मृतका के शरीर पर चोट होने के कारण पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

शाहजहांनाबाद थाना पुलिस के अनुसार 20 वर्षीय रानी पत्नी आनंद ओसवाल ईदगाह हिल्स में रहती थी। दस महीने पहले उसकी शादी आनंद ओसवाल से हुई थी। आनंद और रानी ने प्रेम प्रसंग के बाद आर्य समाज के मंदिर से शादी की थी। हालांकि वह अभी शादी के दस्तावेज पुलिस को नहीं दिखा सका है। वह फर्नीचर बनाने का काम करता है। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि बीती रात वह घर पहुंचा था, तब रानी मोबाइल पर किसी से बातचीत कर रही थी। उसने पत्नी से मोबाइल मांगा, तो उसने मना कर दिया। इस बात को लेकर विवाद बढ़ने पर दोनों के बीच मारपीट हो गई थी। उसके बाद वह सो गया था। रात करीब तीन बजे उसकी नींद खुली तो रानी को फांसी पर लटके देखा। फंदे से उतारने के बाद वह पत्नी को लेकर अस्पताल पहुंचा था। वहां चिकित्सकों ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और आज पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

# जनजातीय संग्रहालय में 5 जनजातीय आवास बनकर तैयार

## गोंड जनजाति आवास में डिगना तो कोरकू में होती है गोदना चित्रकारी

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जनजातीय संग्रहालय में बन रहे मप्र के विभिन्न जनजातीयों के पांच आवास अब पूर्णता की ओर हैं, दो आवास निर्माणाधीन हैं। जनजातीय समुदाय के पारंपरिक कलाकार इन्हें अंतिम रूप दे रहे हैं।

मध्य प्रदेश एक जनजातीय बहुल प्रदेश है, जहां गोंड, भील, कोल, कोरकू, बैगा, सहरिया, भारिया सहित अनेकों जनतजातीय समुदाय का निवास है। प्रदेश के अलग-अलग अंचलों में फैले इस समुदाय की अपनी ही आवास परंपरा है। जिसमें दीवार, दरवाजे सहित घर के रंग और चित्रों में भी भिन्नता देखी जा सकती है। गोंड जनजाति आवास में डिगना तो कोरकू में गोदना चित्रकारी होती है। जनजातीय आवास की इसी परंपरा को जनजातीय संग्रहालय में आसानी से देखा जा सकता है। फिलहाल पांच जनजातीय आवास बनकर तैयार हो चुके हैं। सजावट होना शेष है। इसके अलावा दो अन्य जनजातीय आवास निर्माणाधीन हैं। आवासों के बनने के बाद देश की प्रमुख जनजातियों के परिवार यहां रह सकेंगे। संग्रहालय के क्यूरेटर अशोक मिश्रा ने बताया कि जनजातीय समुदाय की जीवन शैली को समझने और उसे करीब से देखने के लिए जनजातीय संग्रहालय में सात आवास बनाए जा रहे हैं। इन घरों में देश की प्रमुख जनजातियों के परिवार रहेंगे। बाद में रोटेशन के आधार पर दूसरी जनजातियों के परिवार इन आवासों में रहने के लिए आते रहेंगे। इन आवासों में सिर्फ जनजातीय रहन सहन ही नहीं, बल्कि जनजातीय समुदायों के व्यंजन और उनकी कला और संस्कृति को देखने और करीब से जानने का भी अवसर मिलेगा। इससे जहां एक ओर शहरी समाज जनजातीय समुदाय की विभिन्नता को देख सकेगा, वहीं जनजातीय परिवारों को भी अपनी संस्कृति से दूर दराज के लोगों को परिचित कराने का मौका मिलेगा।



# नए संगठन की सदस्यता के लिए मंत्रालय में हस्ताक्षर अभियान शुरू

## सदस्य बनने के लिए 3 सौ ने दी सहमति

**भोपाल, देशबन्धु।** मंत्रालय के 3 सौ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ की सदस्यता लेने में रुचि दिखाई है। इन कर्मचारियों ने सदस्यता के लिए हस्ताक्षर कर दिए हैं। इस संघ का गठन 7 नवंबर को ही हुआ है और इसे तीन माह में चुनाव की प्रक्रिया पूरी करनी है। जिसे देखते हुए संघ के पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की सहमति के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है।

प्राप्त जानारी के अनुसार मध्य प्रदेश सचिवालयीन कर्मचारी संघ का पंजीयन 1969 में हुआ था। दो धड़ों में झगड़े के चलते पंजीयक फर्म्स एंड संस्थाएं ने इस संगठन का पंजीयन 26 दिसंबर 2022 को निरस्त कर दिया था। संघ का पंजीयन निरस्त होने के बाद इस संघ से जुड़े कर्मचारियों ने पुन~ आवेदन किया और मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ नाम से नए संघ का पंजीयन हुआ। अब इसी संघ को मजबूती देने की कोशिशें चल रही हैं। नए संघ के अध्यक्ष राजकुमार पटेल कहते हैं कि विधानसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के तुरंत बाद नए संगठन के लिए विधिवत निर्वाचन कराएंगे और नवनिर्वाचित कार्यकारिणी नई सरकार के सामने मंत्रालयीन कर्मचारियों की समस्याएं रखकर उनका निराकरण कराएगी।

# पूर्व मंत्री की पुत्री ने पहली बार किया अपना मतदान

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** 



विधानसभा जतारा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी एवं प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री हरिशंकर खटीक की पुत्री कुमारी मोनिका खटीक ने पहली बार मतदान किया। 17 नवंबर की दोपहर 11बजे पलेरा नगर के वार्ड नंबर 10 में स्थित सीएम राइस विद्यालय मतदान केंद्र जाकर मोनिका खटीक ने मतदान किया। इस अवसर पर कुमारी मोनिका खटीक ने कहा कि मैं पहली बार मतदान करके बहुत प्रसन्नता का एहसास कर रही हूं उन्होंने युवाओं से आवाहन किया कि वह मतदान करके अपने अधिकार का प्रयोग कर राष्ट्रहित में अपना योगदान अवश्य करें।

# विवाद के चलते पति ने की थी पत्नी की हत्या

## पुलिस ने 24 घंटे में किया गिरफ्तार

**टीकमगढ़,देशबन्धु।** छिपरी गांव में एक महिला हत्या की वारदात सामने आई थी। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची, मृतका द्रोपदी पत्नी ख्यालीराम कुशवाहा उम्र 50 वर्ष निवासी छिपरी का शव उसके भेले वाले हार के मकान में खून से लथपथ पड़ा मिला था। उक्त घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। साथ ही घटना स्थल का पुलिस टीम ने बारीकी से निरीक्षण किया। जिसमें पाया गया की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा महिला के सिर एवं चेहरे पर प्राणघातक हमले के बाद उसकी मृत्यु हुई है। मृतका के लड़के के बताए अनुसार अज्ञात आरोपी के खिलाफ लिधौरा थाने में धारा 302 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। घटना के खुलासे एवं अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी के लिए निवाड़ी एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लिधौरा निरीक्षक अशोक पटीदार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने अज्ञात आरोपी की तलाश में जगह-जगह दबिश दी। मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। संदेह के आधार पर मृतका के पति ख्यालीराम कुशवाहा को ज्योरा तिगड्डा पर होने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर पकड़ा गया। जिसने पूछताछ पर पत्नी से झगड़ा होने पर जुर्म करना स्वीकार किया। जिससे घटना में प्रयुक्त औजार व खून से सने कपड़े बरामद किए। कार्रवाई में उनि रघुराज सिंह, एएसआई सुकरत राय, एएसआई रवि दीक्षित, प्रआर मनीष, आरक्षक अंकुल सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

# शांतिपूर्ण मतदान के लिए कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने माना आभार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले की सभी विधानसभाओं में स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुगम और पारदर्शी तरीके व शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा और पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने जिले में निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों/कर्मचारियों सहित आम नागरिकों, मतदाताओं, सुरक्षा बलों, मीडिया प्रतिनिधियों आदि के प्रति आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर श्री शर्मा ने विधानसभा निर्वाचन कार्य से संबद्ध प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियोंए जिला अधिकारियों और कर्मचारियों के सराहनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी शासकीय कर्मियों की कड़ी मेहनत, लगन और निष्ठा की वजह से जिले के सभी मतदान केन्द्रों में शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न हुआ। कलेक्टर श्री शर्मा ने विशेष रूप से पहली बार मतदान कर रहे युवा मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं, 80 वर्ष से अधिक उम्र और गर्भवती/धात्री मतदाताओं द्वारा मतदान के पुनीत कार्य में बड़-चड़कर भागीदारी निभाने के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की आचार संहिता लगने के पहले से जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों ने निर्विघ्न चुनाव कार्य संपन्न कराने के लिए जो मेहनत की थी। वह फलीभूत हुई है। कलेक्टर श्री शर्मा ने इसके लिए सभी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने निर्वाचन कार्य के कव्हरेज में रचनात्मक सहयोग प्रदान करने के लिए जिले के सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# कलश यात्रा के बाद भागवत कथा का शुभारंभ

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शनिवार को शहर के तालदरवाजा स्थित प्रसन्न राघव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। रज्जू महाराज ने बताया कि आचार्य मुकुटधर पाण्डेय मुंबई द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। पहले दिन शनिवार को दोपहर में कलश यात्रा निकाली गई। जो मंदिर से शुरू हो कर महेंद्र सागर तालाब के पास स्थित प्रतापेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना के बाद वापस मंदिर पहुंची। कथा के आयोजन में 21 नवंबर को श्रीकृष्ण जन्म, 23 को रुक्मिणी विवाह और अंतिम दिवस सुदामा चरित्र, बृज की होली का आयोजन किया जाएगा।

## 80 फीसदी के पार पहुंचा निवाड़ी जिले में मतदान

**निवाड़ी, देशबन्धु।** निवाड़ी जिले के दोनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में पिछले चुनाव से अधिक मतदान हुआ है। विधानसभा क्षेत्र-45 पृथ्वीपुर में 83.58 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र-46 निवाड़ी में 81.05 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार विश्वकर्मा तथा पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का सतत भ्रमण कर सुचारू मतदान व्यवस्था का जायजा लिया। जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपवूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ। स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं शांतिपवूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सुचारू तरीके से मतदान सम्पन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार विश्वकर्मा तथा पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने सभी राजनैतिक दलों, जिला अधिकारियों, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों, मतदान दलों एवं पुलिस बल के जवानों, एसपीओ, सभी सुरक्षा कर्मियों और जिले के अधिकारी कर्मचारियों तथा विशेषकर जिले के मतदाताओं का आभार माना है। उन्होंने कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों और मतदाताओं के लोकतंत्र के प्रति विश्वास की भावना के साथ उत्साहपूर्वक मतदान करने से जिले में मतदान का प्रतिशत संतोषप्रद रहा। कलेक्टर एवं एस.पी. ने सभी जिलेवासियों का विशेष कर युवा, दिव्यांग एवं महिला मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### आज मनाई जाएगी जलाराम जयंती, भंडारे का होगा आयोजन



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के नागपुर रोड पर स्थित श्री राम भक्त जलाराम बप्पा की जयंती आज रविवार हर्ष उल्लास और धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। श्री जलाराम सत्संग मंडल मुलताई की ओर से सभी नगर वासियों एवं क्षेत्र वासियों को आमंत्रित किया गया है, उन्होंने बताया कि श्री राम भक्त जलाराम बप्पा की कार्तिक सुदी सप्तमी को जयंती मनाई जाती है, जिसका कार्यक्रम आज रखा गया है। आज सुबह 8 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के मुख्य मार्ग और चौक चौराहे से होते हुए 10 बजे मंदिर पहुंचेगी, 11 बजे श्री संत जलाराम मंदिर नागपुर रोड कामथ मुलताई में महाआरती का आयोजन होगा और उसके बाद महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। वहीं शनिवार रात मंदिर में सुंदरकाण्ड और भजन का आयोजन भी किया गया।

### पेट्रोल पंप पर दीपावली उत्सव मनाकर ग्राहकों को बांटे उपहार



**बैतूल, देशबन्धु।** पेट्रोल पंप ईएमएच कोठी बाजार में हर्षोउल्लास से दीपावली उत्सव मनाया गया। साथ ही पूरे पेट्रोल पंप परिसर को फूलों व रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया। दीपावली से भाई दूज तक पेट्रोल पंप पर आने वाले ग्राहकों का स्वागत किया गया। दीपावली के पावन पर्व पर आए हुए ग्राहकों को मिठाई व पुरस्कार वितरण किए गए। पंप संचालक अबीज़र हुसैन ने बताया कि पेट्रोल पंप पर उन्होंने सेल्स ऑफिसर विभोर नितवरे, टेरिटरी मैनेजर गौरव कौशिक के सहयोग से आकर्षक साज सज्जा की। इसके बाद विधि विधान से लक्ष्मी पूजन कर दिवाली का त्योहार मनाया। मुल्ला पेट्रोल पंप जिले का सबसे पुराना पेट्रोल पंप है। 1 जून 1937 को इस पेट्रोल पंप की स्थापना की गई थी। अबीज़र हुसैन हमेशा से ही जिले में गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करते आ रहे हैं, उनके द्वारा हिंदू धर्म के हर त्योहार को सादगी पूर्ण तरीके से मनाते हुए शांति का संदेश दिया जाता है।

ग्राम शवासन में हुआ रिकॉर्ड 95.15 प्रतिशत मतदान

# गांवों में मतदान अधिक, नगरीय क्षेत्र में कम रहा प्रतिशत



**मुलताई, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार मतदाताओं में काफी उत्साह दिखाई दिया लेकिन यह उत्साह ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा दिखा, नगरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत कम रहा। हालांकि देखा जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान कम होता था, लेकिन इस बार ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर मतदान हुआ है। मुलताई विधानसभा के बूथ क्रमांक 261 ग्राम शवासन में 454 में से 432 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया, जिनमें से 226 पुरुष और 206 महिलाए रही, कुल 95.15 प्रतिश मतदान के साथ पूरे विधानसभा में शवासन सबसे आगे प्रथम स्थान पर रहा। वहीं दूसरे नंबर पर 194 नंबर बूथ डहरगांव जहां 131 में से 124 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया, जिनमें 65 पुरुष और 59 महिलाएं शामिल रही, कुल 94.66 प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ। तीसरे नंबर पर बूथ क्रमांक 94 जाम रहा, जहा 493 में से 459 मतदाताओं ने वोट डाले, जिसमे 234 पुरुष और 225 महिलाएं शामिल रही, कुल 93.10 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं चौथे नंबर पर विधानसभा का सबसे पहले नंबर का बूथ डोंगरपुर जहां पर 539 में से 500 मतदाताओं ने वोट डाले, जिसमें 260 पुरुष और 240 महिलाएं रही, कुल 92.76 प्रतिशत मतदान हुआ। वही पांचवें नंबर पर 278 नंबर पोलिंग बूथ गेहूंबारसा रहा, जहां पर 812 में से 751 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया, जिसमें 380 पुरुष और 371 महिलाएं रही, कुल 92.49 प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ। इस तरह से ग्रामीणों क्षेत्र के बूथों ने सबसे ज्यादा मतदान में बाजी मारी।

**मुलताई नगर के पांच बूथ रहे पूरी विधानसभा में सबसे पीछे:** सबसे कम मतदान वाले बूथों में पांचों बूथ मुलताई शहर के बताए जा रहे हैं, जिनमें अम्बेडकर वार्ड के बूथ क्रमांक 117 जिस पर 710 में से 460 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया जिनमें 227 पुरुष और 233 महिलाएं रही, कुल 64.79 प्रतिशत मतदान हुआ, जो पूरी विधानसभा में सबसे कम रहा। वहीं दूसरे नंबर पर ताप्ती वार्ड का बूथ नंबर 109 जहां पर 671 में से 436 मतदाताओं ने वोट डाले जिसमें 220 पुरुष और 216 महिला रही, कुल 64.98 प्रतिशत मतदान हुआ। ताप्ती वार्ड के ही बूथ नंबर 110 पर 1161 में से 778 लोगों ने वोट डाले, जिनमें से 388 पुरुष और 390 महिला रही, कुल 67.01 प्रतिशत मतदान हुआ। चौथे नंबर पर फिर अंबेडकर वार्ड बूथ नंबर 116 जहां 799 में से 543 लोगों ने वोट डाले, कुल 266 पुरुष और 277 महिलाएं शामिल रही 67.96 प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ। वहीं पांचवें नंबर पर पटेल वार्ड 132 नंबर बूथ जिसमें 798 मतदाताओं में से 544 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया, जिसमे 274 पुरुष और 270 महिला रही, कुल 68.17 प्रतिशत मतदान हुआ।

**कांग्रेस के उम्मीदवार के पोलिंग बूथ पर कम मतदान:** मुलताई विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार चंद्रशेखर देशमुख ने अपने गांव परसोड़ी में वोट डाला, उनके पोलिंग बूथ क्रमांक 171 पर 686 मतदाताओं में से 603 लोगों ने वोट डाले, कुल 332 पुरुष और 281 महिलाए शामिल रही, जहां 87.90 प्रतिशत मतदान हुआ। वही कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव पांसे के गांव मंगोना कला जहां पोलिंग बूथ नंबर 218 पर कुल 1141 में से 948 मतदाताओं ने वोट डाले, जिसमें 476 पुरुष और 472 महिलाएं शामिल रही कुल 83.09 प्रतिशत मतदान हुआ।

# विधानसभा क्षेत्र में महिला अधिकारियों ने संभाली थी चुनाव की कमान





**मुलताई, देशबन्धु।** विधानसभा के चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो चुके हैं। विधानसभा में 80 प्रतिशत से ज्यादा मतदान होने से सभी अधिकारी गदगद है। इधर मुलताई विधानसभा का चुनाव महिला अधिकारियों ने संपन्न करवाया है। इस बार पूरी जिम्मेदारी महिला अधिकारियों पर होने से शुरू से ही इस बात को लेकर चर्चा थी। मुलताई विधानसभा निर्वाचन में आब्जर्वर हरिथा वी कुमार, रिटर्निंग आफिसर एसडीएम तृप्ति पटैरया, सहायक रिटर्निंग आफिसर तहसीलदार अनामिका सिंह, डॉली रैकवार और पुलिस की कमान संभाल रही टीआई प्रज्ञा शर्मा की टीम ने चुनाव की पूरी जिम्मेदारी संभाली। मुलताई विधानसभा के 296 मतदान केंद्र थे, जिसमें 80.81 प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ, सभी मतदान केंद्रों पर पूरे दिन तीनों अधिकारियों ने पहुंचकर नजर रखी। कहीं से मतदान बहिष्कार की खबर आई, चाहे कहीं मशीन खराब होने से मतदान प्रभावित हुआ हो या फिर किसी मतदान केंद्र पर छूट-मुट विवाद की सूचना मिलने पर अधिकारी पूरे समय एक्शन मोड में रहे। सुबह 6 बजे से लेकर रात 11 तक इन अधिकारियों ने चुनाव संपन्न कराने के लिए अपनी पूरी ताकत झोक दी थी।

**▶ पूरे दिन रही सक्रिय, हर मतदान केन्द्र पर रखी नजर**

**बड़ी चुनौती थी शांतिपूर्वक मतदान संपन्न करवाना:** मुलताई विधानसभा में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न कराने को लेकर जब एसडीएम तृप्ति पटैरया से चर्चा की गई तो उन्हें बताया कि यह एक बड़ी चुनौती थी। मुलताई विधानसभा एक बड़ी विधानसभा है और ऐसे में शांतिपूर्वक मतदान करवाना और मतदाता सुविधापूर्ण तरीके से मतदान कर सके इसको लेकर पूरी कार्य योजना बनाई गई थी। तहसीलदार अनामिका सिंह ने बताया कि चुनाव संपन्न कराने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का लगातार मार्गदर्शन मिल रहा था और उसी के अनुसार काम किया जा रहा था। टीआई प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि हमारा मुख्य लक्ष्य यह था कि किसी भी मतदान केंद्र पर विवाद ना हो, इसके लिए हमारे द्वारा हर मतदान केंद्र पर टीम तैनात की गई थी और सभी के सहयोग से मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ है।



# कुएं के पानी को लेकर मंगोना खुर्द में चला चाकू, किसान गंभीर घायल

**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभात पट्टन पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम मंगोना खुर्द में शनिवार दोपहर में कुएं के पानी को लेकर हुए विवाद में चाकू चलने की घटना सामने आई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम मंगोना खुर्द निवासी सुभाष शेके अपने खेत में गया हुआ था, तभी अचानक पीछे से किसी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। खेत के कुए के पानी को लेकर विवाद चल रहा था, सुभाष पर चाकू से हमला होने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे तत्काल प्रभात पट्टन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पर उसका प्राथमिक उपचार कर डॉक्टर ने उसे बैतूल जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। इस संबंध में प्रभात पट्टन पुलिस चौकी प्रभारी रघु कोकोड़े ने बताया कि ग्राम मंगोना खुर्द में एक व्यक्ति के चाकू से घायल होने की जानकारी मिली है, उसे बैतूल रेफर कर दिया गया है। इस मामले में तस्दीक की जा रही है।

# वाहन की टक्कर से सचिव की मौत, मोही के पास हुआ हादसा

**मुलताई, देशबन्धु।** नेशनल हाईवे बैतुल रोड पर ग्राम मोही के पास शनिवार दोपहर करीब 3 बजे अज्ञात ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार ग्राम पंचायत धाबला के सचिव की मौत हो गई। बताया जाता है ग्राम पंचायत धाबला के सचिव श्रीराम पिता सावन्या डोंगरदिए 50 वर्ष निवासी टूरा बोरगांव वह अपने भांजे को ग्राम टेमझिरा(अ)छोड़ने गया था। भांजे को छोड़कर वहां से वापस आ रहा था,इस दौरान मोही के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी



जिससे श्रीराम गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बिंद्राज फाटे और उनके सहयोगियों द्वारा नगर के सरकारी अस्पताल में उपचार के लेकर आए। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। अस्पताल पहुचने पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# किसानों की बढ़ी चिंता, अब भेड़े बनी परेशानी

**नौगाँव-छतरपुर, देशबन्धु।** ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को अपनी फसलों की सुरक्षा हेतु रातो खेत पर जागकर रखवाली करनी पड़ती है जिससे अपनी फसल बचा पाते है क्योंकि अन्ना जानवर और नील गाय क्षेत्र में भारी तादाद में लावारिस घूमते है जो मौका पाते ही किसानों के खेतों में नुकसान कर देते है फसलों को खा जाते है करोड़ो रूपये की लागत से बनी गौ शालाये केवल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई कोई भी इस ओर ध्यान नही देता शाशन प्रशाशन और सरपंच सब मिली भगत से गौ शालाओ के नाम पर केवल पैसा खा रहे है समस्या जस की तस है यही हाल हमारे हाइवे रोडो पर है सैकड़ो अन्ना जानवर खड़े बैठे मिलेंगे जो प्रतिदिन किसी ना किसी हादसे का कारण बनते है पर सरकार और जुम्मेदार के कानों पर कभी जू तक नही रेंगती। अब देखे दूर दराज राज्यो से नौगाँव के ग्रामीण क्षेत्रो में हजारो की संख्या में भेड़ें लेकर बाहरी लोग पहुंच चुके है जो मौका मिलते ही किसानों की फसलों का नुकसान पहुंचाते है और आगे बढ़ते जायेगे इस ओर शासन प्रशासन मौन रहता है और किसान इन सभी दिक्कतों से जूझता रहता है सरकार के नुमाइन्दे अभी बोट मांगने जरूर आये पर किसानों की परेशानी उन्हें दिखाई नही दी सब रामभरोसे ही चलता है।



# चिखली खुर्द में लगी आग, बुलानी पड़ी फायर ब्रिगेड

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर से सटे हुए ग्राम चिकली खुर्द में दोपहर 3 बजे एक घर के पास रखें मक्के के कड़बे सहित कंडे की खराई और घास में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम चिखली खुर्द में अनंत धोटे के मकान के पास मक्के के कड़बे में आग लग गई, जो पास रखे कंडे की खराई एवं जानवरों के लिए रखी घास तक जा पहुंची, देखते ही देखते आग बढ़ने लगी तभी नगर पालिका की फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई जिस पर फायर कर्मचारी धनराज पवार, गिरीश पिपले आदि मौके पर पहुंचे और उन्होंने आग पर काबू पाया। हालांकि समय रहते आग बुझा दी गई थी, जिसके कारण ज्यादा नुकसान नहीं हुआ।



विधानसभा चुनाव: जिले ने जागरूक मतदाता के रूप में किया 81.80 प्रतिशत मतदान

# भैंसदेही सर्वाधिक 84.4 प्रतिशत मतदान के साथ जिले में प्रथम स्थान पर

**बैतूल, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान दिवस पर बैतूल जिले की पांच विधानसभा सीटों पर 81.80 प्रतिशत मतदान किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमनबीर सिंह बैंस ने इसे युवा मतदाताओं का लोकतंत्र में बढ़ते विश्वास का परिचायक बताया। बैतूल जिले की पांच विधानसभा सीटों में सर्वाधिक 84.04 प्रतिशत मतदान भैंसदेही विधानसभा में किया गया। सबसे कम मतदान 78.09 प्रतिशत आमला विधानसभा में किया गया।

**विधानसभा भैंसदेही:** जिले की भैंसदेही विधानसभा सीट पर 84.04 प्रतिशत मतदान के साथ प्रथम स्थान पर रही। भैंसदेही में 1 लाख 12 हजार 561 पुरुष मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं 1 लाख 8 हजार 410 महिला वर्ग की मतदाताओं ने वोट डाले। इस प्रकार कुल 2 लाख 20 हजार 971 मतदाताओं ने 333 मतदान केंद्र पर मतदान किया।



**घोड़ाडोंगरी विधानसभा:** घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्रमांक 132 में कुल 2 लाख 16 हजार 867 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें से 1 लाख 9 हजार 635 पुरुष, 1 लाख 7 हजार 229 महिला एवं तीन अन्य मतदाताओं के साथ 83.43 प्रतिशत मतदान कर दूसरा स्थान रहा।




इस प्रकार 333 मतदान केन्द्रों पर मतदान किया गया।

**विधानसभा बैतूल:** जिले की बैतूल विधानसभा सीट मतदान की दृष्टि से 81.84 प्रतिशत मतदान के साथ तीसरे स्थान पर रही। 293 मतदान केन्द्रों पर 2 लाख 8 हजार 596 मतदाताओं ने अपने अधिकारों का उपयोग कर मतदान किया। इसमें पुरुष वर्ग से 1 लाख 6 हजार 312 महिला वर्ग से 1 लाख 2 हजार 280 एवं 4 थर्ड जेंडर के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।

**मुलताई विधानसभा:** जिले की मुलताई विधानसभा सीट पर 1 लाख 86 हजार 041 मतदाताओं ने मतदान किया। इनमें 296 मतदान केन्द्रों पर पुरुष वर्ग से 95,723 एवं महिला वर्ग से 90,316 तथा थर्ड जेंडर के दो मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। इस प्रकार कुल 80.85 प्रतिशत मतदान के साथ मुलताई चौथे स्थान पर रहा।

**आमला विधानसभा:** जिले की आमला विधानसभा सीट पर 78.09 प्रतिशत मतदान किया गया। इस सीट के 276 मतदान केन्द्रों पर 1,68,362 मतदाताओं ने मतदान किया। इसमें पुरुष वर्ग से 85838 महिला वर्ग से 82,523 एवं थर्ड जेंडर से एक मतदाता ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदान में मतदाताओं द्वारा बढ़-चढकर भाग लेने का एक कारण जिला प्रशासन एवं निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीप के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के द्वारा मतदाताओं को निर्वाचन के लिए प्रोत्साहित किए जाने का भी परिणाम रहा है। पांच विधानसभा सीटों के लिए 49 प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम मशीनों में बंद हो गए हैं। मतदान का परिणाम किसके पक्ष में होगा कहा नहीं जा सकता परंतु मतदान के बड़े हुए प्रतिशत से आमजन का लोकतंत्र में विश्वास बढ़ता दिखाई देता है।

